(घ) आमान परिवर्तन के लिए कार्य योजना के चरण–I में गुजरात में निम्नलिखित परियोजनाएं शामिल की गयी हैं :

| परियोजना का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|
| 1. मारवाड़-मेहसाना (282 कि.मी., 117 कि.मी. गुजरात में) | आमान परिवर्तन कार्य की लागत 1991–992 की कीमतों पर लगभग 50 से 60 लाख रुपये प्रति किलो मीटर है। |
| 2. मेहसाना-अहमदाबाद (68 कि.मी.) | |
| 3. राजकोट-वेरावल (185 कि.मी.) | |
| 4. समदड़ी-भिलडी (223 कि.मी., 103 कि.मी. गुजरात में) | |
| 5. भिलडी-वीरमगांव (145 कि.मी.) | |

**गुजरात मे रेलवे पुल**

1393. **श्री राजूभाई ए. परमार :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में कितने रेलवे पुल हैं;

(ख) कितने रेलवे पुलों की मरम्मत कराये जाने की आवश्यकता है ;

(ग) 1990–91 के दौरान गुजरात में पुलों की मरम्मत पर कितनी राशि खर्च की गई थी ; और

(घ) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किन-किन पुलों की मरम्मत किए जाने की संभावना है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** (क) 6641 ।

(ख) इनमें से 19 पुलों की भारी मरम्मत की जानी अपेक्षित है।

(ग) खर्च का लेखा राज्यवार नहीं रखा जाता है।

(घ) निम्नलिखित 17 पुलों पर भारी मरम्मत कार्य चल रहे हैं :–

| पुल सं. | खण्ड जहां स्थित है |
|---|---|
| 287 और 319 | बम्बई–सूरत |
| 560, 573, 574 और 575 | सूरत–बडोदरा |
| 639, 641 644, 663 और 668 | बडोदरा–अहमदाबाद |
| 13 | बडोदरा–गोधरा |
| 37 | वीरमगांव–खारागोड़ा |
| 952 | मेहसाना–अहमदाबाद |
| 42 | कलोल–कांटोसन रोड |
| 39 और 46 | साबरमती–बोटाद |